दिन– शुक्रवार | दिनांक– 29 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोहतास के बिक्रमगंज से अड़तालीस हजार पांच सौ बीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी बिक्रमगंज में एक जनसभा को भी करेंगे संबोधित। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की बिहार में यह पहली जनसभा होगी।

03. राज्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत। दो हजार वैज्ञानिकों का दल गांव–गांव जाकर किसानों से करेगा संवाद।

04. और, नेपाल सरकार ने बिना किसी पूर्व सूचना के भारत–नेपाल जोगबनी बॉर्डर पर भारतीय वाहनों की आवाजाही पर रोक लगायी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोहतास के बिक्रमगंज से अड़तालीस हजार पांच सौ बीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली ऊर्जा, सड़क, रेल और शिक्षा से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री मोदी बिक्रमगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की बिहार में यह पहली जनसभा होगी।

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के लिए आज कई सड़क और रेल संपर्क परियोजनाओं का उदघाटन और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री पचपन सौ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 22 पर चार लेन वाले पटना–गया–डोभी का भी उदघाटन करेंगे। वे एनएच–27 पर गोपालगंज शहर में 249 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने चार–लेन वाले एलिवेटेड हाईवे का भी लोकार्पण करेंगे। पटना गया डोभी राजमार्ग बिहार की राजधानी पटना से तीर्थ नगरी गया जी के बीच सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध करायेगा। प्रधानमंत्री सोन नगर और मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे,। इस परियोजना पर तेरह सौ करोड रूपए से अधिक की लागत आयी है।

धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, बिक्रमगंज

प्रधानमंत्री औरंगाबाद ज़िले में नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला रखेंगे। तीन इकाईयों और चौबीस सौ मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली इस परियोजना की लागत उनतीस हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपये है। इस परियोजना से बिहार और पूर्वी भारत में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ ही औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा प्रधानमंत्री बक्सर और भरौली के बीच गंगा नदी पर पुल के निर्माण कार्य की भी शुरुआत करेंगे। वे पटना हार्डिंग पार्क में पांच टर्मिनल प्लेटफॉर्म का शिलान्यास करेंगे। साथ ही श्री मोदी सोन नगर–मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन और सासाराम–अनुग्रह नारायण रोड के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिहार में निर्बाध हाई–स्पीड कॉरिडोर स्थापित करना है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री जहानाबाद स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यायल में एक सौ बानवे बेड वाले छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर का भी उद्घाटन करेंगे।

इधर, कल पटना पहुंचने के बाद श्री मोदी ने जय प्रकाश नारायण अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखी। बाद में प्रधानमंत्री ने पटना एयर पोर्ट से भाजपा कार्यालय के बीच एक भव्य रोड शो किया। रोड शो के बाद श्री मोदी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। श्री मोदी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुये नेताओं और कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से स्थानीय मुद्दों को समझने और आम लोगों के साथ सीधा संवाद बढ़ाने पर बल दिया।

---

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कल पटना में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। समारोह को संबोधित करते हुये श्री सिन्हा ने कहा कि अभियान के तहत प्रखंड स्तर पर किसान संकल्प सभा आयोजित की जायेगी। दो हजार वैज्ञानिकों के दल गांव–गांव जाकर किसानों से सम्पर्क करेंगे। ये दल किसानों को नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और अनुदान की जानकारी देंगे।

---

भारत–नेपाल जोगबनी बॉर्डर पर नेपाल सरकार की ओर से बिना किसी पूर्व सूचना के भारतीय वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

–––बाईट–––

जोगबनी बॉर्डर पर भारतीय वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने से सीमा पर जाम की स्थिति बन गयी है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह प्रतिबंध नेपाल सरकार की ओर से आर्थिक बजट सत्र के चलते लगाया गया है। नेपाल प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई सीमा पर स्थित भंसार और सुविधा कार्यालय के निर्देश पर की गई है। इस बीच, एसएसबी की छप्पनवीं बटालियन के

सेनानायक सुरेंद्र विक्रम ने बताया कि भारत की ओर से किसी वाहन को नहीं रोका जा रहा है, केवल जांच प्रक्रिया चल रही है। वहीं पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह नेपाल सरकार का है और भारतीय पक्ष का इससे कोई लेना–देना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं डॉक्टर सविता पारीक।

---

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम, आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय करने पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटा तेजस्वी प्रसाद यादव और अन्य आरोपी हैं। मामले की अगली सुनवाई तेईस जुलाई को होगी। इस बीच, राजद अध्यक्ष ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी और आरोप पत्र को रद्द करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

---

राज्य सरकार ने बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग को पुनर्गठित किया है। जदयू के पूर्व सांसद गुलाम रसूल बलियावी आयोग के अध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं, पटना सिटी निवासी लखविंदर सिंह तथा गया के मौलाना उमर नूरानी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और आठ सदस्य बनाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने आयोग के पुनर्गठन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महात्मा गांधी सेतु और इसके समानांतर निर्माणाधीन फोर लेन पुल को भी जेपी गंगा पथ से जोड़ने का निर्देश दिया है। कल पटना में निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

---

मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि राज्य के शेष हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, दक्षिण बिहार के जिलों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

---

बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र के दो हजार चार सौ छत्तीस पदों पर नियोजन के लिए पांच जून को जिला मुख्यालयों में काउंसलिंग आयोजित की जायेगी।

काउंसलिंग के दिन ही अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान किया जायेगा और उसी दिन उनका योगदान भी स्वीकृत किया जायेगा।

———————————————————

प्रसार भारती के पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवाओं के लिए पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है। शब्द के पास एक हजार पांच सौ से अधिक रिपोर्टर, संवाददाता और स्ट्रिंगर्स का एक मजबूत नेटवर्क है।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चंडीगढ़ में कल रात खेले गए मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पंजाब किंग्स ने एक सौ एक रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु की टीम ने मात्र दस ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अब सबकी निगाहें आज शाम चंडीगढ़ में होने वाले गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले पर टिकी हुई हैं। इस मैच का विजेता एक जून को दूसरे क्वालीफायर मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगा। दूसरे क्वालीफायर की विजेता टीम का सामना तीन जून को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

———————————————————

हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में सबजूनियर बालक और बालिका हॉकी स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन राजगीर में छह से आठ जून के बीच होगा। प्रतियोगिता में अठारह टीमें भाग लेंगी।

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के एनएच सत्ताईस पर एक लाइन होटल के पास खड़े ट्रक से एक ऑटो रिक्शा के टकराने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, औरंगाबाद जिले के बारूण थाना क्षेत्र के बरवाडीह पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, बक्सर नगर थाना क्षेत्र के ज्योति प्रकाश चौक के पास ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गयी।

———————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

मधेपुरा जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के बेलही गांव में परवाने नदी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी।

---

अररिया की एक अदालत ने मादक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दो दोषियों को चौदह–चौदह वर्ष कठोर कारावास और दो–दो लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। एक दोषी नेपाल का नागरिक है।

---

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सिपाही और उसके दोस्त को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है।

---

वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के मंगुराहा वन क्षेत्र के भिखना ठोरी के पास दो बाघों के बीच हुई लड़ाई में एक बाघ की मौत हो गयी।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटा की अंचलाधिकारी को घूस देने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– पीएम का रोड शो में तिरंगों से स्वागत।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पीएम ने पटना एयरपोर्ट का किया उद्घाटन, बिहटा हवाई अड्डे की रखी आधारशिला।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– थमेगी मॉनसून की रफ्तार। आज बिहार में प्रवेश करेगा।

प्रभात खबर ने लिखा है– आईपीएल में आरसीबी की नौ वर्ष बाद फाईनल में रॉयल एंट्री।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– सुप्रीम कोर्ट में तीन न्यायाधीश नियुक्त।

आज अखबार लिखता है– पाक सीमा से सटे राज्यों में इकतीस मई को ऑपरेशन शील्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोहतास के बिक्रमगंज से अड़तालीस हजार पांच सौ बीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी बिक्रमगंज में एक जनसभा को भी करेंगे संबोधित। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की बिहार में यह पहली जनसभा होगी।

03. राज्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत। दो हजार वैज्ञानिकों का दल गांव–गांव जाकर किसानों से करेगा संवाद।

04. और, नेपाल सरकार ने बिना किसी पूर्व सूचना के भारत–नेपाल जोगबनी बॉर्डर पर भारतीय वाहनों की आवाजाही पर रोक लगायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।